दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur

(Accredited A++ by NAAC)

प्रवेश सूचना/प्रकाशनार्थ

एससी, एसटी, ओबीसी संवर्ग की चतुर्थ एवं प्रतीक्षा सूची प्रवेश आज

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बी.ए. प्रथम वर्ष में दिनांक 21 अगस्त को आरक्षित श्रेणी (एससी,एसटी एवं ओबीसी संवर्ग) के चतुर्थ एवं प्रतीक्षा सूची से प्रवेश होगा।

प्रवेश सहसमन्वयक डॉ. मनीष पाण्डेय ने बताया कि दिनाँक 21/08/2024 को बी.ए. प्रथम वर्ष में पूर्वाह्न 10 बजे से 12:30 बजे तक पिछड़ा वर्ग की चतुर्थ सूची से 54 अंक एवं अनुसूचित जाति की चतुर्थ सूची से 50 अंक तक के अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। अनुसूचित जनजाति (एसटी संवर्ग) के समस्त अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा। अपराह्न 1 बजे से 3:30 बजे तक अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रतीक्षा सूची से 42 अंक एवं अनुसूचित जाति की प्रतीक्षा सूची के समस्त अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा।

पूर्वाह्न 10:00 से 12:30 बजे तक आरक्षित संवर्ग (ओबीसी, एससी एवं एसटी संवर्ग) के क्षैतिज आरक्षण के समस्त छूटे हुए अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा।

प्रवेश के छठे दिन कुल 286 अभ्यर्थियों (OBC-165, SC-118, ST-03) का प्रवेश हुआ।

प्रवेशार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट और समाचार पत्रों में प्रवेश के अगले कटऑफ़ की नियमित जानकारी करते रहेंगे.

समस्त अन्यर्थी अपने मूल अंक प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं अद्यतन जाति, आय इत्यादि अद्यतन प्रमाणपत्र साथ एक सेट फ़ोटोकॉपी अनिवार्य रूप से साथ लायेंगे।

प्रवेश के दौरान अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. कीर्ति पांडेय समेत प्रवेश समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

डॉ. मनीष पाण्डेय

सह समन्वयक

बी.ए. (प्रथम वर्ष) प्रवेश (2024-25)